to NTC (Gujarat) during the last 3 years are as under:—

(Rs. in crores)

Year	Budgetary support to NTC	Funds released to Gujarat subsidiary
1989-90 . .	287.15	29.82
1990-91 . .	97.00	17.86
1991-92 . .	73.00	11.61

(c) For the financial year 1992-93, the Government have proposed the following budgetary provision for NTC:—

1. Working capital loan
Rs. 54.80 crores

2. Controlled Cloth Subsidy
Rs. 15.00 crores

3. Investment in modernisation (Plan)
Rs. 20.00 crores

(d) The interest of the workers will be safeguarded by the Government through liberal compensation under Voluntary Retirement Scheme. The workers will also be retrained and reployed to the extent possible under the National Renewal Fund Scheme.

गरीब बुनकरों की सहायता के लिए योजनाएं

1776. **श्री राम जेठमलानी** : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने पिछले कुछ महीनों के दौरान गरीब बुनकरों की सहायता के लिए दो योजनाएं शुरू करने की घोषणा की थी ;

(ख) यदि हां, तो इन योजनाओं के अधीन इन गरीब बुनकरों को वित्तीय सहायता देने का काम शुरू कर दिया गया है ;

(ग) यदि हां, तो किन-किन राज्यों में जनवरी, 1992 तक बुनकरों को वित्तीय सहायता दे दी गई है और किन-किन योजनाओं के अधीन कितनी-कितनी राशि की सहायता दी गई है ; और

(घ) इन योजनाओं के अधीन आगामी वित्तीय वर्ष 1992-93 के लिए अलग-अलग कितने-कितने धन का आवंटन किया गया है ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री (अशोक गहलोत) : (क) जी हां ।

(ख) जी हां ।

(ग) चूंकि किसी भी राज्य सरकार संघ शासित क्षेत्र से जनवरी 1992 तक इन नई योजनाओं के विषय में कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ था इसलिए अभी तक कोई वित्तीय सहायता जारी नहीं की गई । तथापि उड़ीसा और असम से फरवरी 1992 में प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं । "निस्सहाय बुनकरों के लिए मार्जिन मनी योजना" के अंतर्गत उड़ीसा को 20-2-1992 को 4.50 लाख रुपये की राशि और असम को 21-2-1992 को 11.00 लाख रुपये की राशि मंजूर की गई है ।

(घ) वर्ष 1992-93 के लिए प्रत्येक योजना में निम्नलिखित बजट के प्रावधान की मांग की गई है :—

(लाख रुपयों में)

(1) निस्सहाय बुनकरों के लिए मार्जिन मनी 500.00

(2) प्रोजेक्ट पैकेज योजना जिसमें संगठित हथकरघा ग्रामीण विकास भी शामिल है 600.00